Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to impress upon Government of Madhya Pradesh to provide adequate compensation to farmers who suffered loss of their crops due to heavy rains in Madhya Pradesh particularly in Balaghat Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh -laid.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): जैसा कि विदित है कि इस वर्ष शुरू में अल्पवृष्टि हुई एवं बाद में अतिवृष्टि हुई, जिससे मध्य प्रदेश के सभी जिलों सहित मेरे संसदीय क्षेत्र के बालाघाट सिवनी के कृषकों की धान, मक्का, सोयाबीन की फसल खराब हुई । कहीं-कहीं तो गांव के गांव में मक्के की फसल समाप्त हो गई । धान की फसल निकासी के समय अत्यधिक बारिश होने से धान नहीं निकला । धान निकला भी तो काला पड़ गया । कई खेत पानी में डूब गये । इसी तरह सोयाबीन की फसल भी नष्ट हुई । किसान कर्ज माफी के चक्कर में फंसकर डिफॉल्टर हो गया और प्राईवेट कर्ज लेकर फसल बोई तथा खाद, बीज खरीदा और अब फसल न होने एवं कम होने से परेशान हैं और ऊपर से मध्य प्रदेश सरकार ने खेतों का कोई सर्वे नहीं किया, जिससे राजस्व परिपत्र 6-4 का भी लाभ नहीं मिल पायेगा साथ ही साथ बीमा राशि से भी किसान वंचित होंगे।

अतः सरकार से मध्य प्रदेश को निर्देशित करने का अनुरोध करता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार किसानों को शीघ्र मुआवजा दे एवं केन्द्र सरकार भी बीमा राशि किसानों को उपलब्ध कराये ।